# माँ को मनाले | By Mukesh Bagda |

ना दाम लगे ना कोड़ी माँ के नाम को ध्याले
तेरा दाम लगे ना कोड़ी माँ के नाम को ध्याले
तेरी खाली झोली भर देगी तू माँ को मनाले

दु:ख जीवन के माँ सारे पल भर में दूर भगाये
जन्मो जन्मो से सोती किस्मत के भाग्य जगाये
माँ नाम का जीवन में गुणगान तू गए ले
तेरी खाली झोली भर देगी तू माँ को मनाले

कलयुग में नाम ही माँ का सारी दुनिया को है तारे
तेरा नाम जो ध्याले दो पल तेरे बन जाते वो प्यारे
पापी मन में मैया की तू मूरत को बसा ले
तेरी खाली झोली भर देगी तू माँ को मनाले

जब तेरा ना हो सहारा ना फिर तू मारा मारा
मैया का नाम ही देगा तुझे तुफानो में किनारा
तेरा तन मन ये तू मैया रानी के रंग में रंगा ले
तेरी खाली झोली भर देगी तू माँ को मनाले

मैया का नाम है ऐसा हर पल है साथ निभाए
तेरे नाम की जिसको लगन हो उसे दु:ख ना कोई सताए
तू चरणों में मैया के थोड़ा ध्यान लगा ले
तेरी खाली झोली भर देगी तू माँ को मनाले
ना दाम लगे न कोड़ी .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/